# 25 हजार का इनामिया पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

इकौना | हिन्दुस्तान संवाद

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को इकौना थाने की पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक इनामिया बदमाश को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध विभिन्न थानों में दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज है।

इकौना थाना क्षेत्र में रिंकू सिंह उर्फ संदीप सिंह पुत्र शिवनन्दन सिंह निवासी ग्राम पंचायत सेमगढ़ा के मजरा कुसहवा को गुरुवार की रात में गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेन्द्र पांडेय ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध मण्डल के अन्य जनपदों में भी मामले दर्ज हैं। रिंकू लम्बे समय से फरार चल रहा था जिसके विरुद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी वारन्ट भी जारी किया जा चुका है। गुरुवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कुसहवा निवासी अंतरजनपदीय शातिर आरोपी रिंकू सिंह राप्ती नदी के किनारे अपने खेतों से आने वाला है तथा अपने घर खाना खाने जाएगा। इस सूचना पर सांधी नाले के पुल को पार करके आगे नाले के किनारे दोनों तरफ पुलिस कर्मी छिप गये। उसको आता देख दोनों तरफ से एकाएक टार्च जलाकर उसे पकड़ना चाहा तब तक वह फायर करने लगा। इस पर किसी तरह से अपनी जान बचाते हुए नाले की आड़ लेकर फायर करने वाले व्यक्ति को घेराबन्दी कर पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध 25 हजार का इनाम घोषित है। आरोपी के विरुद्ध गोंडा, बहराइच, बलरामपुर व श्रावस्ती के विभिन्न थानों में दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। पकड़े गए आरोपी के पास से एक अदद नाजयज तमंचा, तीन अदद जिन्दा कारतूस, एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक अमित सिंह, पंकज कुमार गुप्ता, कांस्टेबल कमलेश गिरी, शाहिल शेख, अख्तर आलम, अनुज यादव, सोनी राजपूत, अर्चना शर्मा आदि शामिल रहे।



शुक्रवार को इकौना थाने में मौजूद 25 हजार का इनामी बदमाश।